तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 11 अगस्त 2025

अबूझमाड़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 133 वीं ... 12



खिलाड़ियों एवं खेलों के विकास के लिए केंद्र एवं ... 12





# टमाटर हुआ लाल, रेट ने किया बेहाल, 10 का हुआ अब 60 रुपए किलो

**बेमैसम बारिश और वायरस से टमाटर की खेती चौपट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

टमाटर के दाम बढ़ गए हैं, जिससे रसोई का स्वाद कुछ फीका पड़ गया है। यह स्थिति कई कारणों से उत्पन्न हुई है, जैसे बेमौसम बारिश और वायरस के हमले से फसल को नुकसान हुआ है। टमाटर अब प्रदेश से बाहर से आने के कारण रेट 6 गुना ज्यादा हो गया है।

सब्जी व्यवसाय से जुड़ें लोगों की मानें तो कांकेर में टमाटर की लोकल फसल मई के अंतिम सप्ताह तक आ रही थी। इसके बाद जैसे ही बाहर से टमाटर की आवक प्रारंभ हुई, टमाटर धीरे-धीरे भाव खाने लगा। लोकल टमाटर की आवक अब नहीं होने के कारण बाहर से आ रहे टमाटर ने ऐसा भाव खाना प्रारंभ किया है कि अब टमाटर के दाम 6 गुना ज्यादा हो गए हैं। चार माह पहले जब लोकल टमाटर की आवक हो रही थी, तो टमाटर के दाम चिल्हर में ही 10 रुपए से किलो तक थे, लेकिन अब दाम 60 रुपए किलो हो गए हैं। टमाटर लोकल आवक के चलते 60 रुपए कैरेट में बिक रहा था, वह अब 12 सौ रुपए कैरेट में बिक रहा है।

लोकल टमाटर बाजार में नजर नहीं आ रहा है, दूसरे राज्यों का ही टमाटर बाजार में दिख रहा है। दूसरे राज्यों से आने वाले टमाटर की आवक भी आधी हो गई है, उसी का परिणाम है कि दाम आसमान छूने लगे है। जानकारों की मानें तो आने वाले समय में टमाटर के रेट आम लोगों को बेहाल कर देगा और किचन से टमाटर गायब हो जाएगा।



### दाम कम होने के आसार नहीं

सब्जी विक्रेताओं की मानें तो लोकल टमाटर की फसल अक्टूबर में आने के बाद ही टमाटर के दाम कम होगे। अभी कर्नाटक से टमाटर आने के कारण 12 सौ रुपए कैरेट तक दाम है। आने वाले तीन माह तक इसमें राहत मिलते हुए नहीं दिख रही है, इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले समय में में टमाटर के दाम चिल्हर में बढ़कर सौ रुपए तक हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### हाटकर्रा स्काउट गाइड्स ने जवानों को बांधी राखी

**भानुप्रतापपुर।** जिले के सुदूर वनांचल में स्थित शाउमावि हाटकर्रा के गाइड छात्राओं के द्वारा वनांचल पहाड़ी में स्थित सीएएफ कैम्प में जाकर वीर सैनिक भाईयों को राखी बांध सैनिकों के प्रति सम्मान, एक प्रेम और कृतज्ञता का संदेश दिए। स्काउट गाइड रोवर रेंजर के बच्चों के द्वारा सशस्त्र सीमा बल के सैनिक भाइयों को बहनों की कमी को पूरा करते हुए भारत स्काउट गाइड द्वारा एक राखी सैनिक भाई के नाम के तहत स्काउट गाइड के छात्राओं द्वारा राखी बांध कर रक्षा बंधन का त्यौहार कैंप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### कोरर भाजपा मंडल की बहनों ने जवानों को बांधी राखी



**कोरर।** महिला मोर्चा की बहनों ने पुलिस थाना कोरर पहुंचकर थाना स्टाफ के सिपाही भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। रक्षाबंधन का पर्व उन भाईयों को राखी बांधकर मनाया जाता है जो अपने दायित्व को निभाते हुए अपने घर नही जा पाते। इस अवसर पर महिला मोर्चा से संतोषी ठाकुर, भारती कोर्राम , मनीषा कुलदीप, मिथिलेश्वरी सहित भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप, मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा, सेवक राम गावडे, मोहन कुंभकार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 16 से

**भानुप्रतापपुर।** मॉर्निंग क्रिकेट क्लब भानुप्रतापपुर के तत्वाधान में पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता स्थान फॉरेस्ट खेल मैदान भानुप्रतापपुर में 16 अगस्त से अयोजित करवाया जा रहा है। क्रिकेट स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 21000 और ट्राफी, दूसरा पुरस्कार 11000 और ट्राफी तथा तीसरा पुरस्कार 5000 और ट्राफी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा समिति के द्वारा प्रत्येक मैच में आकर्षक पुरुस्कार दिया जाएगा। आयोजन की तैयारी में सभी समिति के सदस्य जुटे है।

### महिला प्रकोष्ठ मावलीपारा रेंज की बहनों ने बांधी राखी

**दुधावा।** रक्षाबंधन के एक दिन पहले मावलीपारा परिक्षेत्र के महिला प्रकोष्ठ के माताएं एवं बहनों ने विधायक आशाराम नेताम, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू के अलावा चौकी दुधावा, थाना नरहरपुर, एस पी कार्यालय कांकेर , पहुंच कर पुलिस के अधिकारियों, पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधा। महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारियों में अध्यक्ष गायत्री, उपाध्यक्ष महेश्वरी साहू, सचिव भगवती साहू, योगेश्वरी साहू,नर्बदा साहू, संतोषी साहू, बिमला साहू, सुशीला साहू, गीतांजलि साहू, सरोज साहू, काजू राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज मावलीपारा, संरक्षक प्रदीप सार्वा, सचिव लोकनाथ साहू, रोशन साहू, बालिकाओं में मोनिका साहू, योगिता साहू एवं अन्य समाज के माताएं एवं बहनें इस पावन अवसर पर उपस्थित रहे।

### महापौर ने विभागीय मंत्री को लिखा पत्र

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत रैपिड असेसमेंट सर्वे के तहत आवास हेतु ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है जिसकी शुरूआत नवंबर 2024 में हुई थी। आज तक लाभार्थी आधारित आवास निर्माण घटक अंतर्गत 109 लोगों को योजना का लाभ दिलाया जा चुका है।

**सावधानी : वन विभाग ने एक दर्जन गांव के लोगों को किया सचेत**

# कापसी रेंज में पांच हाथियों का दल दिखा हाई अलर्ट जारी, वन अमले की है चौकस


हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

कापसी वन परिक्षेत्र अंतर्गत उप परिक्षेत्र पखांजुर के पेनकोडो बीट में हाथियों के एक दल के दिखने के बाद वन विभाग ने आसपास के गांवों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। निगरानी दल को मसानकट्टा गांव के पास पांच हाथियों का एक दल नजर आया है, इस दल में एक दंतेल हाथी भी शामिली है।

जानकारी के अनुसार कांकेर जिले में हाथियों का दल आना जाना बना रहता है। हाथियों का दल महाराष्ट्र की ओर से आना बना रहता है, इसके अलावा हाथियों का दल दुधावा की ओर से भी आना होता रहता है। महाराष्ट्र की ओर से पहुँचा दल को मसानकट्टा में देखा गया है, इसके बाद से वन विभाग ने इस ईलाके लगे गाँव पिनकोडो, मरोड़ा, मुरावंडी, पी व्ही 131, 38, 39 बैकुंठपुर, मायापुर, दुर्गापुर और जगन्नाथपुर गांवों के लोगों को विशेष रूप से सावधान रहने के लिए कहा है। वन विभाग की एक टीम हाथियों के दल पर निगरानी बनाए हुए है। कई किसानों के फल के नुकसान होने की संभावना भी जताई जा रही है, परंतु अभी तक फसल नुकसान का मूल्यांकन नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने दंतेल हाथी के साथ अन्य चार हाथी को देखने के बाद भय का माहौल बन गया है और लोग घरों से निकलने के लिए कतरा रहे है। विगत कुछ दिनों एक दंतेल ने दुर्गूकोंदल के ईलाके में पहुँचकर कई घरों को नुकसान पहुँचाया था, उसके बाद दंतेल वापिस चल गया था। दुर्गूकोंदल में दंतेल के आतंक की जानकारी क्षेत्र के लोगों को है। दल में दंतेल होने से यह अंदाज लगाया जा रहा है कि कुछ समय पहले इस ईलाके में पहुँचने वाला दंतेल हो सकता है, जो अब अपने पूरे टीम के साथ कांकेर जिला में प्रवेश किया है। महाराष्ट्र बार्डर से वापिस हो गया तो ठीक है, पखांजुर से दुर्गूकोंदल एवं भानुप्रतापपुर ईलाके में पहुँचने पर ग्रामीणों का नुकसान ज्यादा हो सकता है। वन विभाग अभी इस पर कुछ कहने को तैयार नहीं है, केवल दंतेल एवं दल पर नजर बनाए हुए है।

**खास बातें**

- वन विभाग का निगरानी दल लगातार हाथियों के दल पर नजर बनाए हुए है
- पाँच हाथियों का दल के महाराष्ट्र से आने की संभावना, दल में एक दंतैल भी



### वन विभाग ने ग्रामीणों से किया अपील

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील किया है कि वे जंगल की ओर न जाएं और अगर हाथी दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी वनकर्मियों को जानकारी देंवे। फिलहाल हाथियों द्वारा मकान या जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, सुरक्षित रहने और एक-दूसरे को सचेत करते रहने की सलाह दिया है। अंधेरा होने के बाद गांव की सीमा से बाहर अकेले में कतई न निकले।

### वन विभाग की निगरानी करने वाली टीम

परिक्षेत्र अधिकारी देवदत्त तारम के नेतृत्व में एक टीम लगातार निगरानी कर रही है। इस टीम में सहायक दल प्रभारी कमलसिंह नरेटी, वनपाल धर्मेन्द्र निषाद, असलाल साहू, कविता नरेटी और वनरक्षक पुष्पेन्द्र यादव, किशुन भुआर्य, भागबल्ली बघेल, रवि नेताम, प्रभा तारम, चौकीदार विकास तरफदार और उदय जुर्री और ड्राइवर अनिल नेताम शामिल हैं।

# सब्जी विक्रेता के घर पर चोरों का धावा, 1.25 नकद समेत जेवरात की चोरी







हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

खाल्हेपारा डुमरपानी में बाजार-बाजार सब्जी बेचने वाले पति एवं पत्नी के घर में सूने मकान पर चोरों ने धावा बोलकर पेटी में रखे 1 लाख 30 हजार नगदी और 63 हजार के सोने एवं चांदी के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित चोरी के समय उमरादाह बाजार में सब्जी दुकान लगाकर सब्जी बेच रहा था। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

हल्बा चौकी में शिकायत करने पहुँचे 50 वर्षीय कन्हैया पटेल पिता स्व. सुकलाल पटेल निवासी खाल्हेपारा डुमरपानी ने पुलिस को बताया कि मेरे कोई बाल बच्चे नहीं है मैं और मेरी पत्नि लता पटेल तथा बुजुर्ग मां शांति बाई पटेल उम्र 70 वर्ष तीनों एक घर में रहते हैं। मैं खेती किसानी के साथ साथ सब्जी बेचने का काम आसपास के बाजारों में करता हूं। मैं 8 अगस्त शुक्रवार को घर के कमरा में ताला बंद कर पत्नि के साथ सब्जी बेचने दोपहर करीबन 1 बजे उमरादाह बाजार गए थे। उमरादाह बाजार से रात को करीबन 8 बजे सब्जी बेचकर वापिस घर आएं, तो घर के कमरे का दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, अंदर जाकर देखे तो कमरे में रखे दो नग टीन के पेटी का ताला टूटा हुआ था, जिसे खोलकर देखे तो दोनो पेटी में रखे नगदी रकम करीबन 1 लाख 30 हजार रूपएं, सोने का झुमका, सोने का मराठी माला, चांदी का करधन एवं अन्य जेवर कुल कीमती लगभग 1 लाख 93 हजार को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया है, जिसके संबंध में गांव के सरपंच, कोटवार एवं पड़ोस के अन्य लोगों को जानकारी ▸▸| शेष पेज 10 पर

# ढाई लीटर शराब जब्त, धमतरी का कोचिया पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

धमतरी जिले के रहने वाले शराब कोचिया के पास बेचने के लिए शराब ले जाने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने दबोचा और तलाशी लेने पर उसके पास से ढाई लीटर अवैध शराब मिली। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किया गया।

कांकेर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कांकेर पुलिस को मुखबिर से 10 अगस्त को जानकारी मिली कि शराब का अवैध परिवहन हो रहा है। कांकेर पुलिस की टीम बताए गए स्थल की ओर रवाना हुई और संदिग्ध व्यक्ति को सायं 4 बजे के आसपास बरदेभाटा के पास रोका गया। पूछताछ में उसने नाम कृष्ण कुमार नेताम पिता स्व. मेहत्तर सिंह नेताम उम्र 62 वर्ष निवासी ग्राम कुरमीया थाना सिहावा जिला धमतरी हाल ग्राम कन्हनपुरी थाना कांकेर बताया। तलाशी िए जाने पर उसके पास से मिलू बैग में 14 नग पौव्वा जसमें 08 नग देशी प्लेन शराब एवं 06 नग पौव्वा जम्मू स्पेशियल व्हीस्की मिली। शराब की कुल मात्रा ढाई किलो से ज्यादा थी। कोचिया के खिलाफ पुलिस ने धारा 34 (1) (ख) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।



### कांग्रेस का बेमियादी धरना- प्रदर्शन जारी

**पखांजूर।** सिविल अस्पताल पखांजूर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर ब्लॉक और मंडल कांग्रेस कमेटी का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन अम्बेडकर चौक नया बाजार पखांजूर में शुरू हो गया है। इनकी माँग है कि सिविल अस्पताल में सर्जिकल सुविधाएं, ऑपरेशन थिएटर और ब्लड बैंक की सुविधा इसके अलावा, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी और डायलिसिस मशीनों की उपलब्धता हो। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एमबीबीएस डॉक्टर और प्रयोगशालाओं में उपकरणों और परीक्षण किट की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है।

# चाचा से की मारपीट औद दी धमकी भजीते के खिलाफ मामला कायम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

भानुप्रतापपुर के संबलपुर में चाचा के साथ भतीजा के द्वारा आपसी बातचीत को लेकर मारपीट कर दिया, जिससे चाचा को चोट आई है। चाचा की शिकायत पर भतीजा के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँचे 27 वर्षीय अखिलेश यादव पिता स्व. भागीरथी यादव निवासी ग्राम संबलपुर सेठपारा थाना भानुप्रतापपुर ने पुलिस को बताया कि मैं कक्षा 5 वी तक पढ़ाई किया हूँ और कुली मजदूरी का काम करता हूँ। मै अपने बड़े भाई धनंजय यादव के साथ रहता हूं। मेरे बड़े भाई का बेटा जीवन यादव शादी करने के बाद से अलग रह रहा है। मैं 9 अगस्त की रात को लगभग साढ़े 7 से 8 बजे के मध्य अपने बड़े भाई धनंजय यादव के घर से खाना खाकर निकल रहा था, तभी मेरा भतीजा यानी बड़े भाई का बेटा जीवन यादव आकर कहने लगा कि मेरे पिता के घर में आकर खाना खाता है, कहते हुए मुझे गाली देते हुए कहने लगा कि तुझे जान सहित मारकर खतम कर दूंगा और मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा एवं हाथ मे पहने चूड़ा से मेरे सिर मे बांए आंख के पास मारा, जिससे मुझे चोटें आई है और खून निकलने लगा था। घटना को मेरी बहन इंद्रा यादव, मेरा बड़ा भाई धनंजय यादव देखे और बीच बचाव किए। बीच बचाव नहीं किए जाने पर हमारे ▸▸| शेष पेज 10 पर



**हलषष्ठी, तीजा, ऋषि पंचमी और विश्वकर्मा पूजा आदि पर्व मनाए जाएंगे**

# द्विपुष्कर योग के साथ भाद्रपद का हुआ शुभारंभ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और गणेशोत्सव की होगी धूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

भाद्रपद मास केवल एक पंचांग का महीना नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा, भक्ति, और संयम का अद्‌भुत संगम है। यह माह व्यक्ति को धर्म, आत्मिक शुद्धि और सामाजिक समरसता की दिशा में अग्रसर करता है। इसमें मनाए जाने वाले त्योहार न केवल आध्यात्मिक उन्नति का साधन हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति की गहराई, विविधता और एकता को भी उजागर करते हैं। यह हिन्दू पंचाग का छठा महीना है, जो चातुर्मास का दूसरा महीना माना जाता है। द्विपुष्कर योग के साथ भाद्रपद माह का आरंभ 10 अगस्त से हो चुका है और इसका समापन 7 सितंबर को पूर्णिमा के साथ होगा। इसी दिन से पितृ पक्ष की भी शुरुआत हो जाएगी। ज्योतिष के मुताबिक इस माह में सूर्य सिंह राशि में गोचर करते हैं, जिससे धार्मिक कार्यों के महत्व अधिक बढ़ जाते हैं।। भाद्रपद माह या कहें भादो एक ऐसा पवित्र माह है, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास का गजब संगम देखने को मिलता है। वर्षा ऋतु के अंतिम चरण में आने वाला यह माह न केवल प्रकृति में बदलाव लाता है, बल्कि धर्म और आस्था की दृष्टि से भी खास होता है। इस माह में एक साथ एक के बाद एक पावन ▸▸| शेष पेज 10 पर

- भादो में दही, गुड़ और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन नहीं करना चाहिए




### भादों माह में कई कार्य है निषेध

भाद्रपद (भादो) के महीने में कुछ विशेष कार्य वर्जित माने जाते हैं, इसलिए इस महीने में कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना चाहिए और इन कार्यों को करने से बचना चाहिए। भादो में दही, गुड़ और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन नहीं करना चाहिए। भाद्रपद माह में विवाह, गृह प्रवेश, शुभ और मांगलिक कार्य, सगाई और कोई नया काम नहीं शुरू करना चाहिए।

# मोटरसायकिल की ठोकर से जवान और चालक घायल, रिपोर्ट दर्ज विवेचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

पखांजुर में रात को मोटर सायकल सवार चालक ने जवान को ठोकर मारकर घायल कर दिया, जिसमें जवान सहित मोटर सायकल में सवार दोनो लोग घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को सिविल अस्पताल पखांजुर में भर्ती कराया और मोटर सायकल चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

पखांजुर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक लिहेंद्र देवांगन के अनुसार 8 अगस्त को रात में लगभग 11 बजकर 55 मिनट पर पेट्रोलिंग ड्यूटी के लिए थाना से अपनी टीम के साथ निकल रहे थे। पेट्रोलिंग गाड़ी थाना गेट से निकल रही थी, संत्री ड्यूटी पर तैनात जवान रिया मण्डावी गेट खोल रही थी, हम लोग थाना के गेट सामने रोड किनारे खड़े थे, तभी पुराना बाजार पखांजूर की ओर से मोटर सायकल के चालक तेज गति से चलाते हुए पेट्रोलिंग टीम के सदस्य आरक्षक राहुल कोड़ोपी को ठोकर मार दिया, जिससे राहुल कोड़ोपी के बांये पैर के पिंडली की हड्डी में चोट लगा है और मोटर सायकल चालक व उसके पीछे बैठे व्यक्ति सड़क पर गिर गए, उन्हे भी चोट लगी। पेट्रोलिंग गाड़ी में तीनो को बैठाकर सिविल अस्पताल पखांजूर ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। प्राथमिक ईलाज के उपरांत चालक व पीछे बैठे व्यक्ति का नाम पूछने पर चालक का ▸▸| शेष पेज 10 पर



**बैठक: नक्सल उन्मूलन की गृह मंत्री ने की समीक्षा, सभी वर्ग के प्रतिनिधि हुए शामिल**

# अंदरूनी इलाकों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध सड़क शिक्षा सहित अन्य सुविधाओं का होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में समाज प्रमुखों, चेंबर्स आफ कामर्स, व्यावसायिक संघ, ठेकेदार, सोशल मिडिया इंफ्ल्यूवेन्सर और जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर नक्सल उन्मूलन की समीक्षा की।

गृहमंत्री श्री शर्मा ने समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और संकल्प के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य की सुदृढ़ रणनीति और सुरक्षा बलों की निरंतर कार्रवाई के चलते नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में है और इसके खात्मे के लिए समाज के हर वर्ग का सक्रिय सहयोग बहुत आवश्यक है।

समीक्षा बैठक में व्यापारी संगठन, सड़क और खदान निर्माण से जुड़े संघटन, सर्व आदिवासी समाज, जनजाति सुरक्षा मंच, अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के मोबाइल और मेडिकल दुकान संचालक, वनवासी कल्याण समिति तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जिले के विकास, सुरक्षा व्यवस्था और नक्सल उन्मूलन के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तार से समीक्षा की गई।



उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जिले की जनता अब विकास की राह पर आगे बढ़ रही है और गुमराह करने वाले तत्वों का प्रभाव खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अंदरूनी इलाकों में विकास कार्यों में जनसहभागिता बढ़ रही है, वह इस बात का संकेत है कि जल्द ही शांति, सुरक्षा और विश्वास के साथ विकास की गति बढ़ेगी तथा सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं का व्यापक विस्तार होगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अंदरूनी क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया और भवन निर्माण कार्यों को ठेकेदारों के आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और गुणवत्ता पर कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में कार्य करने वालों को सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार और पुलिस विभाग निभाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय युवाओं को इन निर्माण कार्यों में प्राथमिकता दी जाए, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर दिये जाएं ताकि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। उन्होंने अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने, विदेशी और बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ पर सख्ती से नियंत्रण लगाने के निर्देश दिए।

नक्सल उन्मूलन की बैठक में वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जिले में लघु वनोपज की अपार संभावनाएं हैं और इनके प्रसंस्करण से स्थानीय लोगों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। उन्होंने स्व सहायता समूहों की आय बढ़ाने के लिए लघु और कुटीर उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने, युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार करने और निर्माण कार्यों के टेंडर में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। वन मंत्री कश्यप ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक बस्तर संभाग से नक्सलवाद का जड़ से समाप्त करने के लिए सभी को अपने मन में दृढ़ संकल्प के साथ काम करना होगा और शासन की विभिन्न योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में उपस्थित विभिन्न वर्गों और संगठनों ने नक्सलवाद के उन्मूलन और जिले के सर्वांगीण विकास के लिए अपने-अपने सुझाव और समर्थन प्रस्तुत किए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यह सामूहिक प्रयास ही जिले को नक्सलवाद मुक्त, सुरक्षित और समृद्ध बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगरपालिका अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल उपाध्यक्ष प्रताप सिहं मण्डावी, सरपंच छोटेडोंगर संध्या पवार, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पार्षदगण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुन्दरराज पी., कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुड़िया, पूर्व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, वनमण्डलाधिकारी शशिगानंदन के., अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## भाजपा नेत्रियों ने डिप्टी सीएम व वनमंत्री को बांधा रक्षा सूत्र



**नारायणपुर।** रक्षा बंधन पर्व के दूसरे दिन नारायणपुर सर्किट हाउस एक आत्मीय और भावनात्मक क्षण का साक्षी बना, जब भारतीय जनता पार्टी की महिला नेत्रियों ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा एवं कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक और वनमंत्री केदार कश्यप को स्नेहपूर्वक रक्षा सूत्र बांधा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि बहनों के स्नेह से बढ़कर कोई आशीर्वाद नहीं हो सकता। यह प्रेम ही हमें सेवा की ऊर्जा देता है। मंत्री केदार कश्यप जी ने कहा राखी सिर्फ धागा नहीं, एक जिम्मेदारी है। नारायणपुर की हर बहन की रक्षा और विकास मेरी प्राथमिकता है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार, जनपद अध्यक्ष पिंकी उसेंडी, शहर मंडल अध्यक्ष भगवती हलधर, पार्षद रमशीला नाग, संगीता जैन, कृति पोटाई, पूर्व पार्षद प्रमिला प्रधान, अनिता कुरेटी, बबीता ठाकुर सहित अन्य महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और भावपूर्ण श्रद्धा के साथ दोनों नेताओं की कलाई पर राखी बांधकर दीर्घायु, सफल नेतृत्व और जनकल्याण की कामना की।

## खबर संक्षेप

### रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया



**फरसगांव।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे भारत सहित फरसगांव क्षेत्र में भाई बहनों ने 09 अगस्त शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया है। पिछले दो साल रक्षाबंधन पर कहि कहि भद्रा काल का भय देखने को मिला और शुभ मुहूर्त नही होने के चलते बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र के लिए भद्रा काल खत्म होने के बाद राखी बांधी थी जो राखी बांधने का सिलसिला देर रात तक चल था। पर इस साल भद्रा काल 8अगस्त को ही खत्म हो गया था, इस साल रक्षाबंधन पर बहनों ने सुबह से लेकर रात्रि में अपने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांध कर रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया है। भाई बहन के अटूट विश्वास के पर्व के लिए हम बहने रक्षाबंधन का बेसब्री से इंतजार रहता है जिसमे हम अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधती है औऱ उनके लम्बे उम्र की कामना करती है।

### 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की शपथ



**कोण्डागांव।** फरसगांव विकासखंड के ग्राम गोड़मा में 'हर घर तिरंगा' राष्ट्रीय अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करने के साथ–साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली। कार्यक्रम के दौरान सिंगल–यूज प्लास्टिक, स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। ग्रामवासियों ने इन मुद्दों पर अमल करने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर पंचायत भवन, विद्यालय परिसर और ओवरहेड टैंक की सफाई के लिए श्रमदान किया। उन्होंने इन जगहों पर पौधारोपण भी किया, जिससे स्वच्छता के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया गया। ग्राम सरपंच श्रीमती सरस्वती पोयाम ने कहा कि एक स्वच्छ और जल–समृद्ध गांव ही एक स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने सभी से गाँव को स्वच्छ रखने और जल स्त्रोतों की रक्षा करने की अपील की। इस अवसर पर जल जीवन मिशन कोण्डागांव की टीम से सुहानी बक्शी, हेमलता यादव, मितलेश साहू, श्यामलाल कोर्राम एवं स्वच्छ भारत मिशन से सुधीर बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## सोनाबाल में इको क्लब ने पेड़ों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बड़ेपारा, सोनाबाल में इको क्लब के बच्चों ने एक अनोखी पहल की। उन्होंने पेड़ों को रक्षासूत्र राखी बांधकर उनकी देखभाल करने और उन्हें नुकसान न पहुँचाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम शिक्षिका श्रीमती श्वेता साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था।

स्कूल के बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से खुद रक्षासूत्र तैयार किए। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि इको क्लब ने स्कूल परिसर में कम्पोस्ट खाद तैयार करके एक हर्बल किचन गार्डन भी बनाया है। इस गार्डन में भिंडी उगाई जाती है, जिसका उपयोग बच्चों के मध्याह भोजन में नियमित रूप से किया जा रहा है।

**ये रहे मौजूद-** कार्यक्रम में स्कूल के प्रधान पाठक पी.के. दीक्षित, शिक्षक सुरेश चंद्रवंशी, हेमदत्तेश्वर पटेल, जगतराम सोरी, पूनम ठाकुर, रसु नाग, और इको क्लब के प्रधानमंत्री कु. करुणा सेठिया, मंत्री राखी साहू, प्रियांशी साहू, सोमी ठाकुर, याचना कोर्राम, चोमेश्वरी ठाकुर सहित सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## ठेले में अंग्रेजी शराब बेचने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

पुलिस ने 8 अगस्त को पेट्रोलिंग के दौरान ठेले में शराब रखकर बेचने वाले को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बहीगांव चारभाटा तिराहा गुमटी झोपड़ी ठेला एनएच 30 मेन रोड के पास अवैध रूप से देशी, अग्रेजी एवं महुआ शराब को रखकर बिक्री कर रहा है। मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर जाकर रेड कार्रवाई की। एक व्यक्ति अपनी दुकान में शराब बिक्री करते हुए मिला। पूछने पर अपना नाम शिवलाल नेताम पिता सुकालू राम नेताम जाति गोड उम्र 42 वर्ष निवासी बहीगाँव कोनाडीपारा थाना केशकाल का होना बताया। दुकान की तलाशी लेने पर दो सफेद रंग के प्लास्टिक झोला में 47 नग प्लेन देशी पौवा, प्रत्येक में 180 एमएल भरी हुई सीलबंद कुल 8.460 एमएल कीमती 3760 रुपए मिली। 4 नग सफेद रंग की प्लास्टिक बाटल जिसमें प्रत्येक में आधा आधा लीटर महुआ शराब मिली। कुल 2 लीटर कीमती 160 रुपए, 25 नग जम्मू स्पेशल विस्की पौवा प्रत्येक में 180 एम भरा हुआ 4.500 एम कीमती 2500 रुपए एक काला रंग के बैग को चेक करने पर 15 नग मूडआफ पौवा प्रत्येक में 180 एमएल भरी हुई कुल 2.700 एमएल कीमती 2700 रुपए मिली। 5 नग केन बियर 500 एमएल कुल 2.500 एमएल कीमती 900 रु कुल जुमला 20 लीटर कीमत 10,020 रुपए एवं शराब बिक्री रकम 1700 रुपए नकद बरामद हुआ। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने पर पंजीबद्ध कर कर विवेचना में लिया गया। सम्पूर्ण कार्रवाई में उपनिरीक्षक धीरेन्द्र ठाकुर सहायक उपनिरीक्षक बुधमल सिंह समरध, निहार रजन मण्डल, आरक्षक जगेश कुमार नेताम, महिला आरक्षक अहिल्या यादव की अहम भूमिका रही।



## एनएसयूआई ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, स्थानीय भर्ती लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

"चुनाव में वादा किया, अब निभाना होगा" इसी नारे के साथ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने आज जोरदार तरीके से सरकार और स्थानीय विधायक केदार कश्यप को घेरा। एक दिवसीय नारायणपुर दौरे पर आए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को एनएसयूआई के महासचिव खेलेंद्र सोरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि स्थानीय भर्ती का वादा तुरंत पूरा नहीं किया गया, तो नारायणपुर के युवा सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेंगे।

एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार और स्थानीय विधायक ने चुनावी घोषणा पत्र में स्थानीय भर्ती का वादा किया था। लेकिन दो साल बीत जाने के बावजूद कोई ठोस योजना लागू नहीं हुई। इससे नारायणपुर और अबूझमाड़ के युवा बेरोज़गारी से जूझ रहे हैं, जबकि नेताओं के बयानों में केवल राजनीति और आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं।



महासचिव खेलेंद्र सोरी ने कहा कि "विधायक केदार कश्यप अपने क्षेत्र के युवाओं के लिए खड़े हों और वादाख़िलाफी बंद करें। अब हमारी चुप्पी को कमजोरी न समझा जाए।" उन्होंने आगे कहा कि अबूझमाड़ के युवा स्थानीय भर्ती में प्राथमिकता न मिलने के कारण दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। संगठन ने उदाहरण देते हुए कहा कि हाल ही में दुर्ग में एक युवती, जो आगरा काम करने जा रही थी, को बजरंग दल के युवाओं ने रोका और आरोप लगाए। उस युवती ने बताया कि रोजगार की तलाश में वह अपनी मर्जी से दो ननों के साथ आगरा जा रही थी। यह घटना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि अबूझमाड़ के युवा रोज़गार के लिए कितनी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। कार्यक्रम में राहुल मांडवी, रामसू पोटाई, सोशल मीडिया प्रभारी गणेश सोढ़ी, रोहित, बिस्मा दुग्गा, किसालय देवांगन, कृष्णा देवांगन, पवन नाग, तरुण सिन्हा, राजकुमार, आदित्य मॉल, बाबू, महेश पोयम, सचिन देवांगन, देवी, मनोज, जीवन दुग्गा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बुढ़ाकसा में विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के मुंडा क्षेत्र, बुनागाँव के ग्राम बुढ़ाकसा में आज विश्व आदिवासी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आयोजन में 40 गाँवों के आदिवासियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पेन पुरखा–जिम्मेदारीन याया और बुढ़ादेव–आंगादेव की पूजाअर्चना के साथ हुई। युवाओं ने बाइक रैली निकालकर पूरे 40 गाँवों में उत्साह का माहौल बनाया।

- आयोजन में 40 गांवों के आदिवासियों ने लिया हिस्सा
- युवाओं ने निकाली बाइक रैली

मुंडा क्षेत्र के अध्यक्ष फिरती कोर्राम ने स्वागत भाषण में आदिवासी समुदाय के उत्थान, संवैधानिक अधिकारों और संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित थीम 2025 पर चर्चा की। सामाजिक पदाधिकारियों ने मंच पर बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को दर्शाया। इस अवसर पर समाज के प्रमुखों ने उच्च शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवा, श्रम विभाग की योजनाओं, पशुपालन और पारंपरिक संस्कृति जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए।





### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

*आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में छात्र बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए। शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए। मिनी माता सम्मान स्वास्थ्य सेवा के लिए। ग्राम गौरव सम्मानरू पंचायत में उत्कृष्ट कार्य के लिए। बाल सेवा सम्मान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को। वीर नारायण सिंह सम्मान समाज सेवा के क्षेत्र में। इसके अलावा, पारंपरिक वेशभूषा में सजे आदिवासियों द्वारा सामूहिक नृत्य मांदर नृत्य, गौर नृत्य और रेला पाटा नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम बस्तर के गौरवशाली इतिहास और जल, जंगल, जमीन पर आधारित आदिवासी संस्कृति का अद्भुत प्रदर्शन था।*

## पारम्परिक नृत्य के साथ निकाली रैली लोक नर्तकों की प्रस्तुति ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विश्व सर्व आदिवासी समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस बार 9 अगस्त को आदिवासी दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। इस वर्ष फरसगांव ब्लॉक के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में स्थित ग्राम मांझीआठगांव में ब्लॉक स्तरीय रूप से विश्व आदिवासी दिवस को मनाया गया।

- धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस
- मांझीआठगांव में हुए विविध कार्यक्रम

कार्यक्रम में सर्वप्रथम विभिन्न ग्रामों से अपने अपने वाहन व्यावस्था से पहुँचे हुए आदिवासी समाज के लोग जनसैलाब के रूप में कार्यक्रम स्थल मांझीआठगांव में एकत्रित होकर जिमीदारीन माता , मावली माता,मांझीडोकरा, सोंनकूवर ,पीला बाबू की सेवा अरजी गाँव के गायता व पुजारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात समाज के लोगो द्वारा पारम्परिक वेशभूषा धारण कर भव्य रूप से पारम्परिक वेशभूषा धारण कर भव्य रूप से रैली निकाली जो फरसगांव नगर से मांझीआठगांव तक निकाली गई ।





समारोह स्थल में पहुँच कर सबसे पहले विश्व आदिवासी दिवस का ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात दंतेवाड़नि मांई, वीरांगना दुर्गावती, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गैंदसिंह के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सेवा अरजी कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। तत्पश्चात समस्त मंचस्थ अतिथियों का स्वागत पीले चावल का टीका लगाकर किया गया । मंच के माध्यम से कार्यक्रम उपस्तिथि सभी लोगो को समाज के सैवधनिक अधिकारों के बारे में बताया गया । वहीं समाज में छोटे छोटे बच्चो द्वारा सामाजिक वेशभूषा में नृत्य के माध्यम से समाज के संस्कृति रहन-सहन , समाजिक नियम की झांकी के रूप में लोक नर्तकों द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। आयोजन में आए सभी लोगो के लिए खिचड़ी के व्यवस्था की गई थी । अंत में उपस्थित समाज के सभी लोगो के द्वारा मिलकर भव्य रूप से रेलापाटा सहित अन्य सामाजिक गीतों पर नृत्य करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया । इस दौरान अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले समाज के छात्र छात्राओं और युवाओं, समाज के राजनीतिक जनप्रतिनिधियों और अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया । इस दौरान सर्व अधिवासी समाज के फरसगांव ब्लॉक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष , सचिव सहित समाज के सभी पदाधिकारी , युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष व बच्चे मौजूद रहे ।

## गारंटी पूरी नहीं, विरोध में 22 को कर्मचारियों का महाबंद : फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी पर कोई भी अमल नहीं किया है। जिससे कर्मचारी अपने आप को ठगा महसूस करते हुए आक्रोशित भी हैं। इसी कारण छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने आंदोलन का ऐलान करते हुए दूसरे चरण के आंदोलन में 22 अगस्त को कर्मचारियों का महाबंद होगा। जिसमें ना तो स्कूल, कॉलेज, ऑफिस के ताले खुलेंगे। न हीं शासकीय वाहन चल सकेंगे। आज रविवार को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला बस्तर से जुड़े समस्त कर्मचारी संगठनों के अध्यक्षों सहित पदाधिकारी की आवश्यक बैठक हुई। संभाग अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार हमारे धैर्य की परीक्षा ले रही है। जो वादा सरकार बनते ही पूरा करेंगे कहा वह आज 2 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। अभी तक कोई पहल नहीं कर सरकार कर्मचारी से दोयम दर्जे का व्यवहार कर रही है।

## पेज 9 के शेष

### सब्जी विक्रेता के...

दिया, चोरी के संबंध में गांव में पता तलाश किया किंतु कोई पता नहीं चला। सरपंच और गांव के सयान के मार्गदर्शन में हल्बा चौकी में शिकायत किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(3), 305(क) बीएनएस पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### चाचा से की...

साथ किसी भी तरह की अनहोनी हो सकती थी।चाचा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भतीजे के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### द्विपुष्कर योग के...

पर्वों की झड़ी देखने को मिल जाएगी। इसी माह में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, राधा जन्मोत्सव, गणेश चतुर्थी, कजरी तीज, हल षष्ठी, ऋषि पंचमी, अनंत चतुर्दशी, कुश अमावस्या और विश्वकर्मा पूजा जैसे खास पर्व आते हैं। यह समय केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि सेहत के हिसाब से भी अहम माना गया है।

### मोटरसायकिल की...

नाम अनमिश व्यापारी पिता अशोक व्यापारी एवं पीछे बैठे व्यक्ति का नाम मुकुल मण्डल पिता दिलीप मण्डल दोनो ग्राम पीव्ही 36 चांदीपुर का होना बताया। चालक अनमिश व्यापारी द्वारा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एजेड 5238 को तेज गति, लापरवाही व उपेछा पूर्वक वाहन चलाते दुर्घटना करने से आरक्षक को राहुल कोड़ोपी को गंभीर चोट आई है। पखांजुर पुलिस ने बाईक चालक के खिलाफ 125 (ए), 281 बीएनएस के तहता मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

# हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान



## एसएलआरएम सेंटर में कबाड़ से जुगाड़ का हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राज्य शासन के निर्देशानुसार समस्त निकायों को हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता थीम अंतर्गत नगर पंचायत गीदम में स्वच्छता कार्य कचरा एकत्रीकरण करने वाले स्वच्छता दीदियों के द्वारा नगर में स्थित एस एल आर एम सेंटर में एकत्र किए गए सूखे कचरे से कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता दीदियों द्वारा नगर में स्वच्छता से प्रेरित होने के लिए सेंटर मे कबाड़ से जुगाड़ अंतर्गत घर के सजावट के सामान का निर्माण कर प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम मे स्वच्छता दीदियों द्वारा नगर को साफ रखने एवं नगर मे कचरा अलग अलग प्रदान करने हेतु नगर वासियों से अपील की गई।

इसके अलावा छात्र छात्राओं हेतु स्वच्छता एवं तिरंगा थीम अंतर्गत निबंध, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्र छात्राओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हुलसी प्रधान ने बताया कि जिला प्रशासन, राज्य शासन के मार्गदर्शन मे यह आयोजन जन जागरूकता हेतु करवाया जा रहा है जो की 8 अगस्त से प्रारम्भ किया गया है और 15 अगस्त को अंतिम चरण रहेगा जिसमे पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह इत्यादि रहेंगे कार्यक्रम मे नगर पंचायत गीदम के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियां उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### ब्रह्माकुमारी बहनों ने विधायक और महापौर को बांधी राखी





**जगदलपुर।** ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर अपना स्नेह और शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव को विधायक कार्यालय में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी संस्था की बहनों ने राखी बांधकर दीघार्यु व सुख समृद्धि की कामना की। वहीं महापौर के निवास पहुंचकर ब्रह्माकुमारी मंजूषा एवं अन्य बहनों ने राखी बांधकर आर्शीवाद दी।

### शाला में हुआ पालक बालक सम्मेलन



**जगदलपुर।** शैक्षिक गतिविधियों के सर्वांगीण विकास, शाला पालक बालक में समन्वय हेतु छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश अनुसार शुक्रवार को भगत सिंह पूर्व माध्यमिक के प्रधानाध्यापिका यासमीन खान के नेतृत्व में शाला पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के नोडल अधिकारी रविंद्र सिंह ठाकुर है। बच्चों के मासिक शैक्षणिक प्रगति मासिक रिपोर्ट, जाति प्रमाण पत्र, शाला में बच्चों के नियमित उपस्थिति शाला त्यागी बच्चों के पुनः शाला में एडमिशन न्यौता भोज के विषय पालकों से चर्चा विचार, मार्गदर्शन और सुझाव मांगे गए। सम्मेलन में शाला के संकुल प्रभारी पुरुषोत्तम पांडे, उमेश प्रताप सिंह, श्रीमती इंद्रा मथरानी, विशाल देवांगन रहे, कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र शुक्ला ने किया।


### फसल बीमा के नाम पर हो रही है ठगी : डेविड

**जगदलपुर।** युवा कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष बस्तर अभिषेक डेविड ने राज्य और केंद्र सरकार पर किसानों के साथ धोखाधड़ी का



आरोप लगाते हुए कहा है कि फसल बीमा योजना किसानों के लिए राहत नहीं, बल्कि शोषण का माध्यम बन गई है। उन्होंने कहा कि बीमा योजना का लाभ वास्तविक किसानों को मिल ही नहीं रहा है, और यह योजना केवल कागजों में साकार हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के बैंक खातों से फसल बीमा के नाम पर हर साल हजारों रुपए की कटौती करती है, लेकिन जब असल में किसानों की फसल नष्ट हो जाती है, तो मुआवजा देने के नाम पर उन्हें सिर्फ आश्वासन और तारीखें मिलती हैं।

### एनसीडी के कार्यों की हुई समीक्षा



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े किलेपाल में आयोजित मासिक बैठक में गैर संचारी रोग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. भंवर शर्मा द्वारा बड़े किलेपाल के अंतर्गत आने वाले सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा संचालित की जा रही एनसीडी कार्यक्रमों के उपलब्धियां की समीक्षा की गई। सभी आम में कार्यरत सीएचओ द्वारा अपनी अपनी उपलब्धियां उपस्थित अधिकारियों के समक्ष मासिक रखी गई। बैठक में समीक्षा कर जिन-जिन आम में कार्य उपलब्धि असंतोष जनक थी तत्काल उसे पूर्ण कर अगली मासिक बैठक में प्रस्तुत करने हेतु सभी को बताया गया। इस अवसर पर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप बघेल, डीपीएम अर्जुन नेताम सभी सेक्टर के सेक्टर प्रभारी सुपरवाइजर और सीएचओ के साथ समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## बोड़नपाल में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

# यह दिन उत्सव का नहीं बल्कि अपनी पहचान, अधिकार का प्रतीक : चैतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

ग्राम पंचायत बोड़नपाल में आज उत्साहपूर्वक विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर आदिवासी संस्कृति, रीति-रिवाज और परंपराओं के संरक्षण का संकल्प लिया।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस हमारे गौरवशाली इतिहास,

- बच्चों ने गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

जल-जंगल-जमीन और सांस्कृतिक धरोहर की याद दिलाता है। इस अवसर पर गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

जनपद पंचायत सदस्य चैतराम कश्यप ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कहा कि यह दिन केवल उत्सव का नहीं बल्कि अपनी पहचान, अधिकार और अस्तित्व की रक्षा का प्रतीक है। आदिवासी समाज प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की अनोखी जीवन शैली रखता है, लेकिन आज उनके जल, जंगल और जमीन पर लगातार खतरे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान आदिवासी समाज को विशेष संरक्षण देता है।



### देवी-देवताओं की पहचान और संरक्षण जरूरी

आदिवासी नेता माहजन बघेल ने कहा कि आदिवासी समुदाय के अपने देवी-देवताओं की पहचान और संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही हमारी संस्कृति, परंपरा और आस्था की जड़ें हैं। आदिवासी जीवन प्रकृति से गहराई से जुड़ा हुआ है समुदाय अपने देवी-देवताओं को पुनः स्थापित करे, उनके नाम, कथाएं और पूजा-विधियां संजोए, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों को पहचान सकें। यह न केवल हमारी धार्मिक पहचान को मजबूत करेगा, बल्कि सामाजिक एकता, आत्मसम्मान और सांस्कृतिक गर्व को भी बनाए रखेगा।

उन्होंने इस दिन का महत्व बताते हुए कहा कि आदिवासी समुदाय को अपने अधिकारों की जानकारी और उसके इस्तेमाल के लिए जागरूक होना जरूरी है। जब तक हम संविधान में मिले संरक्षण का सही उपयोग नहीं करेंगे, तब तक विकास के नाम पर हमारी जमीन, जंगल और संसाधन छीने जाते रहेंगे। विश्व आदिवासी दिवस हमें यह संकल्प दिलाता है कि हम अपने हक, संस्कृति और अस्तित्व की रक्षा के लिए संगठित और सजग रहें। झारतराई के सरपंच बलराम कश्यप ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस को हम अपनी संस्कृति, परंपरा और अधिकारों के संरक्षण का पर्व बनाएं। इस दिन पारंपरिक नृत्य, गीत, वेशभूषा और खेलों के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ें। गांव में बैठक, गोष्ठी और रैली निकालकर संविधान में आदिवासी समाज को मिले अधिकारों की जानकारी दें। उन्होंने जोर दिया कि यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अपनी पहचान और एकता का प्रतीक होना चाहिए। संगठित होकर हम जल, जंगल और जमीन की रक्षा कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों को मजबूत आधार दे सकते हैं।.र

किरण मौर्य ने प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक विशेष फोकस करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने की पहल की। उन्होंने माना कि शिक्षित समाज ही विकास की नींव है। इसके साथ ही विवाह और संस्कृति के क्षेत्र में परंपराओं के संरक्षण व सामाजिक जागरूकता पर जोर दिया। युवा वर्ग के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण और स्वरोजगार योजनाओं को प्रोत्साहित किया। नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाकर युवाओं और परिवारों को जागरूक किया, ताकि समाज स्वस्थ और सक्षम बने। उनके प्रयासों का उद्देश्य शिक्षा, संस्कृति और रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर और नशामुक्त समाज का निर्माण करना रहा।

इस दौरान रामनाथ कश्यप, मधु मौर्य, शिवराम मौर्य, गोवर्धन बघेल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एसपी ने एक पेड़ शहीदों के नाम का आयोजन कर किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर पुलिस द्वारा पिछले पांच वर्ष से पोदला उरस्कना पौधरोपण कार्यक्रम के तहत एक पेड़ शहीद के नाम का आयोजन विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। शनिवार को भी बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा एवं विकास के लिए सर्वोच्चतम

- जिले के थाना, चौकी, सुरक्षा कैम्प, रक्षित केन्द्र, पुलिस आवासीय परिसर व शैक्षणिक संस्थानों में लगाया गया फलदार व छायादार पौधे

बलिदान देने वाले पुलिस एवं सुरक्षाबल तथा नागरिकगण के सम्मान में बस्तर पुलिस द्वारा पौधरोपण किया गया।

एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि बस्तर पुलिस द्वारा विगत 5 वर्षो से लगातार मानसून के दौरान पौधरोपण अभियान पोदला उरस्कना के तहत पुलिस थाना, चौकी, सुरक्षा कैम्पों, रक्षित केन्द्र, पुलिस आवासीय परिसर, शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में फलदार एवं छायादार पौधें लगाया जाता रहा है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार को रक्षित केन्द्र जगदलपुर के आवासीय परिसर में एसपी शलभ सिन्हा द्वारा शहीदों के परिजनों के साथ पौधरोपण करते हुए बस्तर क्षेत्र की सुरक्षा, शांति एवं विकास में सर्वोच्चतम बलिदान दिये सुरक्षा बल सदस्य एवं क्षेत्र की नागरिकों की कुबार्नी को नमन किया गया। रक्षित केन्द्र जगदलपुर के आवासीय परिसर में पौधरोपण के दौरान एसपी शलभ सिन्हा के अलावा एएसपी महेश्वर नाग, योगेश देवांगन, सीएसपी सुमित धोत्रे समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण तथा शहीदों के परिजन एवं पुलिस परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## पालक-शिक्षक संवाद से सशक्त हुई शिक्षा की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

विकास खंड बस्तर के संकुल केंद्र लामकेर अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला डेंग गुड़ा झारतराई में शुक्रवार को पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में राज्य शासन द्वारा दिए गए एजेंडे पर विस्तृत चर्चा की गई। मासिक टेस्ट परीक्षा के परिणामों से सभी पालकों को अवगत कराया गया, जिससे उन्हें अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की स्पष्ट जानकारी प्राप्त हुई। इसके साथ ही शिक्षकों द्वारा पालकों को विद्यालय में उपयोग की जा रही नवाचारी शिक्षण सामग्री जैसे जादुई पिटारा, बच्चों का कोना, एफ.एल.एन. सामग्री, पुस्तकालय तथा शाला संग्रहालय के महत्व और उपयोगिता की जानकारी दी गई। शाला स्तरीय बैठक के उपरांत, लामकेर और सालेमेटा 02 संकुल केंद्रों के संयुक्त तत्वावधान में हायर सेकंडरी लामकेर में दोपहर 2:00 बजे से मेगा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पालकों को इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता और प्रभाव के बारे में बताया गया। साथ ही उनकी राय भी ली गई।बैठक के दौरान मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित पालकों को भी पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख जनप्रतिनिधि श्री मोहन मौर्य, लक्ष्मण कश्यप, बलराम कश्यप, राजेंद्र कश्यप, सूकलो राम सहित संकुल लामकेर की नोडल अधिकारी अर्चना सैंपसन, सालेमेटा 02 की अभिलाषा यादव, संकुल समन्वयक धर्मेंद्र अग्रवाणी, संतोष अग्रवाणी, प्राचार्य चरण दास कश्यप एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस बैठक में बड़ी संख्या में पालकों की उपस्थिति ने यह सिद्ध कर दिया कि जब घर और विद्यालय एक साथ कार्य करते हैं, तब विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के द्वार खुलते हैं।



## योगासन स्पोर्ट्स टीम ने 11 पदक किए अर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की योगासन स्पोर्ट्स टीम ने राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक अर्जित किए। रायगढ़ में आयोजित बालक वर्ग में टीम ने 3 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक तथा कोरबा में आयोजित बालिका वर्ग में 3 स्वर्ण और 3 कांस्य पदक जीतकर पूरे प्रदेश में चौथा स्थान एवं बस्तर संभाग में प्रथम स्थान हासिल किया।

पइस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्राप्त जानकारी अनुसार 10-14 आयु वर्ग ट्रेडिशनल इवेंट में निहारिका मौर्य ने स्वर्ण पदक, दिव्या मौर्य ने ट्विस्टिंग बॉडी व्यक्तिगत में कांस्य पदक, सुशांत यादव फारवर्ड बेंड व आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट में 2 कांस्य पदक, 14- 18 आयु वर्ग में दिव्या मौर्य ने ट्विस्टिंग बॉडी व्यक्तिगत इवेंट में कांस्य पदक, 28- 35 आयु वर्ग में धनेश्वरी डहरिया ने स्वर्ण पदक, 35- 45 वर्ष आयु वर्ग में गोरखनाथ यादव ने ट्रेडिशनल व फारवर्ड बेंड इंडिविजुअल इवेंट में 2 स्वर्ण पदक, नरोत्तम सिंह ध्रुव ने हैंड बैलेंस इंडिविजुअल में स्वर्ण पदक, और 45- 55 आयु वर्ग में शशिकला मिश्रा ने ट्रेडिशनल इवेंट में कांस्य पदक व सुपाइन इंडिविजुअल इवेंट में स्वर्ण पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन दंतेवाड़ा के अध्यक्ष भगत राम साहू, सचिव छबील साहू, कोषाध्यक्ष बी एन उईके, बैलाडीला योग समिति किरंदुल के कार्यकारिणी अध्यक्ष अमृत टंडन, महासचिव जितेन्द्र गुप्ता, सचिव दिनेश कुमार साहू, कोच नरोत्तम सिंह ध्रुव, संतोष कलिया निर्णायक - डाकटर मांडी, सुश्री साधना स्तंभ, हेमलता प्रधान, पूर्णिमा साहू , सरिता साहू लक्ष्मी सारवा, विश्वनाथ विश्वास एवं समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहे।



# दूरसंचार पर दी विनियमों व साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल ने शुक्रवार को शहर में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी) आयोजित किया। दूरसंचार, प्रसारण नियमों, उपभोक्ता अधिकारों, ट्राई के हालिया निर्देशों,

- ट्राई ने शहर में किया उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम

परामर्श, विनियमों और साइबर सुरक्षा जागरूकता के बारे में राज्य सरकार के अधिकारियों, विभिन्न दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधि, सीएजी सदस्य, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सदस्य, जल जीवन मिशन के सदस्य, एमएसओ और एलसीओ और जगदलपुर के स्थानीय नागरिक को जानकारी प्रदान की गई। उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम में दो प्रमुख प्रस्तुतियां शामिल थी। पहला सत्र ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जो प्रसारण नीतियों और क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे पर केंद्रित था। इस प्रस्तुति में प्रमुख विषय में प्रसारण विनियम और उपभोक्ताओं की सुरक्षा, साइबर स्वच्छता, अनचाहे वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) पर अंकुश लगाना, उपभोक्ताओं के लिए शिकायत निवारण प्रणाली, मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) एवं मल्टी-सिस्टम ऑपरेटर्स (एमएसओ) की भूमिका शामिल है। अपने उदबोधन में सलाहकार ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल संजय कुमार गुप्ता ने दूरसंचार और प्रसारण दोनों क्षेत्रों में ट्राई की भूमिका पर प्रकाश डाला। बीएसएनएल पीजीएम, बीए, बस्तर एससी तिवारी ने दूरसंचार के विभिन्न गतिविधियों, सेवा की गुणवत्ता आदि विषयों पर प्रकाश डाला। संयुक्त सलाहकार पीएस कौशल एवं वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी मयूर टोपनो ने सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस), टैरिफ विनियमन, इंटरकनेक्शन समझौते और निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ट्राई द्वारा की गई विभिन्न अन्य पहलों पर प्रस्तुति दी। प्रस्तुति में साइबर धोखाधड़ी और साइबर अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को भी प्रस्तुत किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया रायपुर से चन्दर सोनी (प्रबंधक) ने प्रकाश डाला।

### जानकारी, सुरक्षा प्राप्त करने में मिलेगी मदद

आधिकारियों ने बताया कि जगदलपुर में ट्राई के उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम ने सूचित, जिम्मेदार और सशक्त उपभोक्ता आधार को बढ़ावा देने की अपनी सतत प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित किया। इससे उपभोक्ताओं को तेजी से बदलते दूरसंचार और प्रसारण परिवेश में अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रमों प्रतिभागियों को दूरसंचार, प्रसारण और साइबर सुरक्षा के ज्ञान से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया था, जिससे डिजिटल युग में बेहतर जानकारी और सुरक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## 2 लाख का ईनामी मिलिशिया कमाण्डर समेत 3 नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के जगरगुण्डा थाना क्षेत्र में 23 जून 2024 को पुलिस वाहन को आईईडी विस्फोट करने की घटना में शामिल मिलिशिया कमाण्डर समेत तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया।

- पुलिस वाहन को आईईडी विस्फोट की घटना में थे शामिल, दो जवानों की हुई थी शहादत
- ग्राम अलीगुड़ेम व जोनागुड़ा से सयुंक्त टीम ने पकड़ा



गिरफ्तार नक्सली विस्फोट की घटना में शामिल थे इस घटना में 201 बटालियन कोबरा के 2 जवान शहीद हुए थे। इस घटना के बाद फरार नक्सलियों के खिलाफ थाना जगरगुण्डा में हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

सुकमा जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सूचना के आधार पर थाना जगरगुण्डा से तोमेश वर्मा एसडीओपी जगरगुण्डा व द्वितीय कमान अधिकारी एसएस हॉकिप 150 बटालियन सीआरपीएफ के मार्गदर्शन में कैम्प टेकलगुड़ेम से सहायक कमाण्डेन्ट आदित्य केशव व कैम्प सिलगेर से सहायक कमाण्डेन्ट राकेश शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त पार्टी ग्राम अलीगुड़ा, जोनागुड़ा व आस-पास क्षेत्र की ओर नक्सलियों के धरपकड़ के लिए रवाना हुए थे। अभियान के दौरान ग्राम अलीगुड़ेम व जोनागुड़ा से थाना जगरगुण्डा के प्रकरण में फरार चल रहे 3 नक्सली को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार नक्सलियों में 2 लाख का ईनामी मिलिशिया कमाण्डर सोड़ी नंदू उर्फ भीमा 30 वर्ष निवासी इत्तापारा जोनागुड़ा थाना जगरगुण्डा के अलावा मिलिशिया मेंबर पुनेम कोसा 30 वर्ष निवासी बुरकापारा जोनागुड़ा तथा मड़कम पोदिया 30 वर्ष निवासी इत्तापारा अलीगुड़ा थाना जगरगुडा शामिल है। गिरफ्तार नक्सली 23 जून 2024 को थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के ग्राम तिम्मापुरम के पास 201 कोबरा बटालियन के वाहन को आईईडी लगाकर विस्फोट करने में शामिल थे इस घटना में दो जवान शहीद हो गए थे। गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ जगरगुण्डा थाना में पूर्व से धारा 302, 307, 147, 148, 149,427 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट, 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 38, 39, (1) (2) विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967, 8(1) (3) (5) छग विजसुरक्षा अधिनियम, 3, 4 लोक संपति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। सभी नक्सलियों को विशेष न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### लोहारी में मिले शव की शिनाख्त हुई, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**दुर्गूकोंदल।** थानाक्षेत्र दुर्गूकोंदल के ग्राम लोहारी में फांसी पर लटकी हुई एक लाश मिली। लोहारी के ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दुर्गूकोंदल पुलिस को दिया। दुर्गूकोंदल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को कब्जे में लेकर दुर्गूकोंदल लाकर पीएम करवाया। पुलिस ने शव की शिनाख्ती का लेकर सोशल मीडिया और आसपास के थाने को शिनाख्ती हेतु अज्ञात शव मिलने की जानकारी दिया गया। पीएम होने तक दुर्गूकोंदल पुलिस ने अज्ञात शव की शिनाख्त मुकेश दुग्गा ग्राम आलकन्हार उम्र 30 वर्ष के रूप में कर लिया है। थाना प्रभारी प्रहलाद यादव ने बताया कि ग्राम लोहारी में अज्ञात शव मिलने की जानकारी पर लोहारी पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर दुर्गूकोंदल में पीएम पंचनामा कराया गया। मृतक की पहचान ग्राम मुकेश दुग्गा पिता समदेर दुग्गा उम्र 30 वर्ष ग्राम आलकन्हार थाना सिकसोड़ के रूप हुई है। मृतक 4 अगस्त को बिना बताए घर से निकला था, मानसिक रूप से कमजोर होने की जानकारी परिजनों ने दी है। शव की पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### जूडो में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**जगदलपुर।** विद्या ज्योति स्कूल के जूडो खिलाड़ियों ने सीबीएसई फार ईस्ट जोन प्रतियोगिता में भाग लिया। राजनांदगांव में आयोजित सीबीएसई फॉर इस्ट जोन जूडो प्रतियोगिता 4 से 8 अगस्त तक विद्या ज्योति स्कूल के शिक्षिका मकसुदा के मार्गदर्शन में 11 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें क्रिस्टी मांडवी स्वर्ण पदक, परंजय यादव स्वर्ण पदक, प्रशांत शार्दुल रजत पदक एवं श्रीकांत सोनी रजत पदक से सम्मानित हुए। स्वर्ण और रजत पदक विजेता खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो 28 सितंबर से 3 अक्टूबर तक श्रीगंगानगर, राजस्थान में आयोजित होगी।

### बेंगलुरू स्पोर्ट्स अकादमी में निखिल का चयन

**जगदलपुर।** निखिल बघेल का चयन न्यूज स्पोर्ट्स अकादमी बेंगलुरू द्वारा 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप में किया गया है। जिला फुटबॉल संघ बस्तर ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### चुने गए खिलाड़ी बेंगलुरू में होंगे प्रशिक्षित

**जगदलपुर।** जिला फुटबॉल संघ बस्तर के तत्वावधान में न्यूज स्पोर्ट्स अकादमी बेंगलुरू के सीईओ एवं हेड कोच एरिक थापा एवं एनआईएस शिवेंद्र ठाकुर ने 14 से 21 वर्ष बालक वर्ग समूह के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल लिया। जिसमें 130 खिलाड़ियों ने अपने श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया। ज्ञात हो की ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को न्यूज स्पोर्ट्स अकादमी बेंगलुरू में पूर्ण स्कॉलरशिप पर प्रशिक्षित कर अकादमी की ओर से खेलने का मौका प्रदाय किया जाएगा।

**पर्व : विद्यालयों और बाल आश्रमों की छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी और ग्रामीणों में दिखाया उत्साह**

# अबूझमाड़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 133 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल ने मनाया रक्षाबंधन का पावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

133 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल ने नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ क्षेत्र में स्थित मुख्यालय सोनपुर तथा सीओबी डोंडरीबेड़ा, होराडी, गड़पा और कंडुलनार में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस अवसर पर आसपास के गांवों, विभिन्न विद्यालयों और बाल आश्रमों से 106 लड़कियों, 13 शिक्षक एवं विद्यालय कर्मचारी तथा 81 ग्रामीण मिलाकर 200 नागरिकों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सीमा सुरक्षा बल के जवानों के हाथों में राखी बांधी। इस आत्मीयता ने स्थानीय समुदाय और सीमा सुरक्षा बल के बीच विश्वास, सुरक्षा और भाईचारे के अटूट बंधन को और प्रगाढ़ किया। ग्रामीणों और छात्राओं ने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जवानों के अथक प्रयासों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। वहीं, जवानों ने राष्ट्र और जनता की सेवा व सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस आयोजन ने न केवल भावनात्मक संबंधों को मजबूत किया, बल्कि एकता और पारस्परिक सम्मान की भावना को भी बढ़ावा दिया। सुरक्षा के साथ-साथ, सीमा सुरक्षा बल अबूझमाड़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। स्थानीय बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु किए जा रहे प्रयास इन दुर्गम क्षेत्रों में शांति, प्रगति और स्थायी विकास का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

133 वीं वाहिनी का यह प्रयास इस बात का प्रमाण है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात सीमा सुरक्षा बल केवल शांति बनाए रखने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज के सामाजिक और आर्थिक उत्थान में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।





### जवानों की कलाइयों पर बाँधी मातृभूमि की रक्षा की डोर

**दुर्गूकोंदल।** दुर्गूकोदल अंतर्गत क्लस्टर संगठन के अंतर्गत बीएसएफ कोदापाखा, गुमडीडीही, सीएएफ कैंप करकापाल, चेमल, जाडेकुसी में महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने देश की रक्षा में निरंतर डटे बीएसएफ एवं छत्तीसगढ़ सीएएफ के वीर जवानों को रक्षा कवच के रूप में राखी बांधकर उनके प्रति कृतज्ञता और स्नेह व्यक्त किया। यह कार्यक्रम भावनाओं से परिपूर्ण और देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ रहा, जिसमें बहनों ने अपनी ओर से मिठाई खिलाकर जवानों के स्वस्थ, सुरक्षित और सफल जीवन की मंगलकामनाएं दीं। बहनों ने कहा कि हमारे लिए ये जवान केवल सीमाओं के प्रहरी ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए सुरक्षा और गर्व के प्रतीक हैं।कार्यक्रम के दौरान वातावरण भाईचारे और अपनत्व से भर गया। बहनों ने कहा आप लोग हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं, हम अपनी राखी से आपको वह अटूट विश्वास और दुआएं देते हैं कि आप सदैव सुरक्षित रहें। इस अवसर पर सहायक समादेष्टा राकेश पाण्डेय ने बहनों के इस स्नेहपूर्ण भावना को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि यह देश की अस्मिता और सुरक्षा के लिए समर्पण का भी प्रतीक है। उन्होंने बहनों को आश्वासन दिया कि बीएसएफ जवान अपनी आखिरी सांस तक देश और इसके नागरिकों की रक्षा में तत्पर रहेंगे। जब गाँव की बहनें हमारे पास आती हैं और हमें राखी बांधती हैं, तो यह हमारे लिए सबसे बड़ा सम्मान और प्रेरणा है। महिला स्व सहायता समूह के पीआरपी, हीरेश्वरी कोराम दिनेश्वरी साहू ममता ठाकुर निर्मला निषाद एवं स्व सहायता समूह के महिला सदस्य उपस्थित रहे।

### बहनों ने स्वनिर्मित राखियों से भाइयों की कलाइयां सजाई और मंगल टीका लगाया



**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वयं से विभिन्न प्रकार एवं डिजाईन की आकर्षक राखी शिक्षकों के मार्गदर्शन में बनाकर बच्चों ने आर्ट एवं क्राफ्ट के कौशल के साथ राखी बनाना सीखा, मुंह मीठा कराते हुए अपने सहपाठी भाईयों को स्वयं बनाए राखी को बांधकर रक्षाबंधन का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया। स्कूल के मिडिल एवं हायर सेकेण्डरी कक्षा के छात्राओं ने तिलक लगाकर एवं आरती उतार कर अपने सहपाठी भाईयों को रक्षाबंधन बांधकर भाई बहन के प्रेम के प्रतीक इस त्यौहार को उत्साहपूर्वक मनाया। सभी भाईयों ने भी अपने बहनों की रक्षा करने का वचन दिया। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी के बहनों ने देश की रक्षा करने वाले सैनिक बने अपने सहपाठी भाईयों को रक्षाबंधन बांध कर देश की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया। रंग बिरंगे आकर्षक रखियां अयांश केशरवानी, नियति चंदवानी, पूर्वी मण्डावी, रिद्धी भास्कर, अक्षित मण्डावी, दिव्यांश परमार, बोधित गड़पाले, इवान कवाची, केयांश ठाकुर, दक्षिता योगी, अथर्व यादव, कशिश, रिद्धि ठाकुर, हरलीन कौर, रितिका, सेज देवागंन राजिब तोनडे, सुदीक्षा ठाकुर, राजवीर मण्डावी, जिगर सिह ठाकुर, योगेश्वरी सारथी, द्रुविका यादव, निधि यादव, जयंश सेन, तज्जाम्मुल कुरैशी, अमायरा सिंह, लावन्या रजक, युक्ति यादव, जेनिफर जेमा, उमंगी नेताम, श्रव्या जैन, मानवी नेताम, हार्दिक प्रजापति, दिव्यांश साहू, मंयक मरकाम, प्रियांशु मरकाम, संजय शोरी, शेख आफिक, दिव्यांश ठाकुर, रेयांश मण्डावी, युगल देवागंन, रूद्र पुरी गोस्वामी, लोशिता देवागंन, पाखी पटेल, श्रेवन्या सिन्हा, नायरा गुप्ता, हर्षवी ठाकुर, मोक्ष आदि छात्रों ने भाई बहन के प्रेम के प्रतीक इस त्यौहार को उत्साहपूर्वक मनाया। इस पारंपरिक पर्व को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, एकेडमिक हेड सुनील कुमार पंडा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

## बीटीओए के वार्षिक चुनाव में कामधेनु को मिल रहा जनता का समर्थन

- हर सदस्य के सम्मान, हित और अधिकार की रक्षा करेंगे : सिंह
- यूनियन के हर सदस्य की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित : बिप्लव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरंदुल

बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में मनोज सिंह पैनल का प्रचार जोरों पर है। चुनाव चिन्ह कामधेनु छाप को जनसमर्थन मिल रहा है।

पैनल के सभी प्रत्याशी यूनियन के हर सदस्य के समस्याओं का समाधान और सम्मान सुनिश्चित करने का संकल्प लेकर जुटे हैं। इस पैनल के अध्यक्ष पद प्रत्याशी मनोज सिंह, सचिव पद के बिप्लव मल्लीक, उपाध्यक्ष रोहित साहू, कोषाध्यक्ष गुनवित सिंह, सह-सचिव विश्वजीत सरकार (पिंकु), सह-सचिव इमरान खान (बाबू) तथा विजयंत सिंह गौतम (वीरू) समर्थन पाने के लिए लगातार जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। मनोज सिंह ने कहा कि कामधेनु छाप केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि एक वचन है। हर सदस्य के सम्मान, हित और अधिकार की रक्षा का। यूनियन के सशक्त नेतृत्व के लिए पूरे पैनल को भरपूर समर्थन मिल रहा है, और 13 अगस्त को होने वाले मतदान में ऐतिहासिक जीत की उम्मीद जताई है।



पैनल के सदस्य घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद कर रहे हैं, आशीर्वाद ले रहे हैं और मतदान की अपील कर रहे हैं। चुनाव में मतदाता 995 हैं।

## रक्षाबंधन हमारी संस्कृति के गरिमामय उत्कर्ष का प्रतिफल : लखेश्वर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोण्ड/घाटलोंहगा

बकावंड ब्लॉक के ग्राम जैबेल में रविवार को सामूहिक रूप से रक्षाबंधन पर्व बड़े उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल कांग्रेस कार्यकतार्ओं के साथ पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने बैंड-बाजा और फूल-मालाओं के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

विधायक ने बताया कि वर्ष 2000 में जिला पंचायत अध्यक्ष बनने के समय से ही वे हर वर्ष रक्षाबंधन पर्व को क्षेत्र की बहनों और कार्यकतार्ओं के साथ मनाते आ रहे हैं। केवल गत वर्ष कोरोना संक्रमण के कारण यह कार्यक्रम आयोजित नहीं हो सका था। इस बार ग्रामीणों ने विशेष उत्साह के साथ उन्हें निमंत्रण दिया और पर्व में शामिल होकर स्नेह और सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की महिलाएं विधायक को राखी बांधकर सम्मान देती हैं, बदले में विधायक उन्हें दिल से भेंट कर आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और बहन-भाई के रिश्ते को और मजबूत बनाती है। विधायक ने कहा रक्षाबंधन हमारी संस्कृति के गरिमामय उत्कर्ष का प्रतीक है, जो बहनों के प्रति भाइयों के संकल्पों को सुदृढ़ करता है। यह पर्व केवल पारिवारिक संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि भाई-बहन के स्नेह की डोर को सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी मजबूत बनाता है।

इस दौरान दिनेश यदु, उत्तम नाईक, विजय दास, गोपाल कश्यप धनुर्जय कश्यप ,शोभामणी दास ,घनश्याम नाग ,प्रमिला दुग्गा, ,ललिता बेसरा, दयो देवांगन, कमला नाग, जयमन देवांगन, निरगत कस्यप,कुलधर कश्यप, मंगल कश्यप, डोमुधर कश्यप, फरसु राम कश्यप, सरद बघेल जितेन्द्र कुमार तिवारी ,तुलसी राम ठाकुर ,गोलू मांझी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सर्च आपरेशन, स्निफर डॉग हैंडलिंग का दिया प्रशिक्षण



**जगदलपुर।** वन्यजीव संरक्षण एवं अवैध शिकार को रोकने एवं वन अमला को सशक्त बनाने के लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के वनमंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन पर छत्तीसगढ़ राज्य के चारों टाईगर रिजर्व में दो-दो वनरक्षक के साथ एक-एक (मेनिलिओस बेल्जियम स्फर्ड ब्रीड) स्निफर डॉग देकर वन्यजीव संरक्षण, ट्रेंकिंग, सर्च आपरेशन, स्निफर डॉग हैंडलिंग प्रशिक्षण के लिए 13 दिन तक आईटीबीपी भानु, बीटीसी पंचकुला भेजे गए थे। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सौजन्य से कुशलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण की गई है। यह प्रशिक्षण वन्यजीव संरक्षण, ट्रेकिंग, सर्च ऑपरेशन, सुरक्षा प्रबंधन एवं विभागीय कार्यों की दक्षता बढ़ाने, अपराध नियंत्राण तथा वन्यजीव संरक्षण को सशक्त बनाने में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए महत्वपूर्ण होगा।

## महिला मोर्चा की बहनों ने पूर्व विधायक बाफना के साथ मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

पूर्व विधायक संतोष बाफना के निवास पहुंचकर नगर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता नाग के नेतृत्व में बहनों ने रक्षाबंधन का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया।

बड़ी संख्या में पहुंची बहनों ने संतोष बाफना को तिलक लगाकर राखी बांधकर उनके मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर बाफना ने बहनों को उपहार देकर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने राखी बांधकर मुझपर जो स्नेह और विश्वास व्यक्त किया वह मुझे जनता एवं क्षेत्र की सेवा के लिए मजबूती के साथ दृढ़संकल्पित करता है और यह रक्षाबंधन पर्व केवल भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक नहीं, बल्कि परस्पर सुरक्षा, विश्वास और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है।



इस दौरान नगर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता नाग, त्रिवेणी रंधारी, मीना विश्वकर्मा, आशा साहू, डाकेश्वरी पाण्डे, रमा प्रजापति, कमला, गायत्री कश्यप, धनमति प्रजापति, गंगोत्री ठाकुर, राजेन्द्री महाराणा, रेखा नाग, श्वेता गुप्ता, किरण दीवान, हीरामनी बघेल, सुकलदेई सिंह, वीभा सिंह, अल्का सेंगर, जामबती, गोमती सेठिया, भगवती सेठिया, नारायणी गोस्वामी समेत बड़ी संख्या में बहनें उपस्थित रहीं।

### शिक्षकों को सारे विद्यार्थियों के नाम मालूम होने चाहिए : पाण्डेय

**तोकापाल।** संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पांडे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय तोकापाल पहुंचे। राकेश पांडे ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप स्कूल में हैं तो स्कूल की बात करो। घर में हो तो घर के रहो। जहां हो वहीं के पूर्ण रूप से रहो। तभी सही परिणाम आएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सारे विद्यार्थियों के नाम मालूम होने चाहिए उनके माता-पिता का नाम, घर कहां है। सभी कुछ मालूम होना चाहिए तभी आदर्श शिक्षक होंगे। विद्यार्थी किस स्थिति में रह रहा है उसकी समझ और मूल्यांकन होना चाहिए।

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
06 सितंबर 2025
19 सितंबर 2025
05 अक्टूबर 2025
08 नवंबर 2025
07 दिसंबर 2025
20 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

# खिलाड़ियों एवं खेलों के विकास के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार प्रयासरत : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में बस्तर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित चौबीसवीं राज्यस्तरीय सीनियर रैंकिंग ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार सुबह विधायक किरण सिंहदेव के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर,संजय पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विशिष्ट आतिथि के तौर पर पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता, राणा घोष,संग्राम राणा, लक्ष्मण झा, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद नरसिंह राव,पारुल बोथरा, यशवर्धन राव उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते किरण सिंहदेव ने कहा कि खिलाड़ी एवं खेलों के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केन्द्र एवं राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। बस्तर को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी बेहद संवेदनशील हैं। बस्तर ऑलंपिक में भी अंचल से बड़ी संख्या में प्रतिभाएं उभर कर सामने आईं है। उन्होंने खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन करने की अपेक्षा व्यक्त करते शुभकामनाएं दी। महापौर संजय पाण्डेय ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों को खेल के प्रति लगन दिखाने एवं अनुशासित तरीके से अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का आव्हान किया। हार जीत से ऊपर उठकर अपने खेल के स्तर को सुधारने की दिशा में प्रयत्न करने की सीख खिलाड़ियों को दी। पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, सचिव राजेश त्रिपाठी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन सुब्बाराव ने किया और कैलाश चौहान ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने राज्य भर से आए बैडमिंटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया। बता दें कि यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कुल 5 वर्गों में खेली जानी है। जिसमें वुमेंस सिंगल्स, डबल्स सहित मेंस सिंगल्स,डबल्स और मिक्स डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। आज के उद्घाटन अवसर पर जिला बैडमिंटन संघ के सुनील खेडुलकर,कैलाश चौहान, रविंद्र ठाकुर,समीर सेन,हितेश तिवारी, नितेश महंत,शैलेंद्र भदौरिया,शशांक शेंडे, बीएस ध्रुव,सलमान रजा,भूपेश साहू, राजेश जेना,सोनू पांडे, सुरेंद्र तातेड़,कामेश राणा आदि मौजूद रहे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### धाकड़ समाज 14 को मनाएगा दाऊ बलराम जयंती

**जगदलपुर।** धाकड़ समाज बस्तर संभाग की बैठक रविवार को आड़ावाल में हुई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ भगवान धरनीधर जयंती हलधर दाऊ बालाराम की जयंती धाकड़ समाज के द्वारा मनाया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार धाकड समाज का क्षेत्रिय बैठक दयानिधी धाकड़ की अध्यक्षता आड़ावाल में रखी गई। जिसमें के क्षेत्र अध्यक्ष मनीष ठाकुर,उपाध्यक्ष लौहसिंह ठाकुर, सचिव नवीन ठाकुर, सहसचिव पिकेश्वर ठाकुर, योगेन्द्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष डुमर सिंह ठाकुर,डिकेश सिंह धाकड़ को बनाया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 नवंबर से 10 नवंबर 2025, 13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411